## खबर संक्षेप

### गोधूलि वृध्दाश्रम में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के शासकीय कला पथक दल द्वारा नगरपालिक निगम और आईपीएस कॉलेज के सहयोग से गोधूलि वृध्दाश्रम में आज बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने की दृष्टि से नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों व वृद्ध आश्रम में निवासरत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदान संबंधी नारे लगाये गये, फ्लैक्स के माध्यम से स्लोगन का प्रदर्शन किया गया और मतदान की शपथ दिलाई गई।

### रोजेदारों को कराया रोजा इफ्तार

**सिंगोड़ी:** पिंडरई डबीर, रजोला, खाकरा चौरई की मस्जिद और बहुल इलाकों में इबादत की तैयारी के साथ शब-ए-क़द्र के मौके पर व छब्बीस रोजा इफ्तार को लेकर हर मस्जिद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने लाइटिंग तोरण से विशेष साज सज्जा की है तथा मस्जिदों के अलावा जगह जगह रोजादारो को रोजा इफ्तार करवाया गया।पिछले 26 दिनो से रमजान शरीफ का पाक महीना चल रहा है इस महीने पर विशेष कर मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा विशेष नमाज रोजा और तराबी अपने रब की इबादत करते हुए आदा कर रहे हैं ताकि वह ईश्वरीय कृपा को पा सके। वही सिंगोड़ी अंजुमन के सदर इलमान मिस्किनी ने बताया की आज रात मरहुमो की कब्रों में जाकर उनके लिए दुआ ए मगफिरत की गई तथा रात भर इबादत चलती रही। अब ईद की तैयारी शुरू हो गई और आगामी दिनों ईद की नमाज ईदगाह में अदा की जाएगी। वही एक रोजा से लेकर आज तक मस्जिदों में रोजदारों के लिए रोजा इफ्तार का सामूहिक कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया है।

### शुक्रवार देर शाम सीएम डॉ मोहन यादव ने दिलाई थी भाजपा की सदस्यता

# कांग्रेस का साथ छोड़ते ही सक्सेना हुए सीएम के साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा




भाजपा की सदस्यता लेने के साथ ही जहां कमलनाथ को बड़ा झटका दिया है वहीं अब भाजपा के साथ सीएम मोहन यादव के साथ मिलकर चुनाव प्रचार का बिगुल बजा दिया है। जल्द ही भाजपा के पक्ष में शहर में वोट अपील करते नजर आएंगे। बीते दिनों अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अब कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना ने भोपाल में लाव लश्कर के साथ पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने उनका केसरिया टुपट्टा से स्वागत कर पार्टी की सदस्यता दिलाई है। दीपक सक्सेना और उनके समर्थकों का मप्र के प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह और प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने स्वागत किया। बता दे कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ के बाद कद्दावर नेताओं में दीपक सक्सेना दूसरे नंबर पर आते है।वे विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा से चार बार विधायक रह चुके है। प्रदेश में दिग्विजय सिंह की सरकार में लगातार दो बार केबिनेट मिस्टर भी रह चुके थे। पिछले विधानसभा चुनाव में वे चौथी बार विधायक बने थे। छह माह के बाद ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के लिए विधायक पद से इस्तीफा भी दिया था। कांग्रेस की राजनीति में छिंदवाड़ा में कमलनाथ के बाद अगर कोई दूसरा कद्दावर चेहरा है तो वह दीपक सक्सेना थे। लेकिन उनका भाजपा की सदस्यता ग्रहण करना कमलनाथ के लिए सबसे बड़ा झटका है। भोपाल में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद दीपक सक्सेना ने कहा है कि छिंदवाड़ा जिले का विकास अधूरा पड़ा है। उसे पूरा कराना है। मोदी जी और डॉक्टर मोहन यादव की सरकार से उन्हें उम्मीद है। इसके पूर्व मीडिया से उन्होंने कहा कि मेरा भाजपा में आना लोकल मुद्दा है। कांग्रेस और कमलकुंज की कार्यप्रणाली से वे खुश नहीं बल्कि अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे थे। उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाकर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना का भाजपा में आना हमारे लिए छिंदवाड़ा में होली, दीपावली, शिवरात्रि है। दीपक जहां जलता है वहां का अंधेरा दूर होता है। अब छिंदवाड़ा का भी अंधेरा दूर होगा। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ को अपने परिवार के अलावा कुछ दिखता ही नहीं है। जो नेता 45-45 साल से साथ है उन्हें ही मौका नहीं मिल रहा है। यह उनकी नीयत बताता है। विविध पदों पर रहकर ही कार्यकर्ता राजनीति में रहकर अपनी हैसियत बनाता है। कार्यकर्ताओं को मौके ही नहीं मिले तो अब कांग्रेस पर भरोसा ही नहीं है। दीपक सक्सेना ने 45 साल अपना गौरव लुटाया है। वफादारी से काम किया है लेकिन एक जादूगर यहां अपना जादू दिखा रहा था। लेकिन जनता अब जादूगर का च जान चुकी है। अब पर्दा हट चुका है। इसके पूर्व दीपक सक्सेना के पुत्र अजय सक्सेना ने भी भाजपा का दामन थाम चुके है। इस तरह दीपक सक्सेना के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी और कांग्रेस के प्रत्याशी नकुलनाथ के बीच होने वाली टक्कर में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है।

### सोमाढाना और गंगई में आबकारी का छापा

# तेरह हजार किलो महुआ लाहन और शराब जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को नगरीय सीमा से लगे गाँवों में छापा मार बड़ी मात्रा में लाहन और शराब बरामद की। इस दौरान कुल तेरह हजार किलो लाहन, एक सौ सत्तर लीटर हाथ भट्टी मदिरा और बीस पाव देशी मादिरा प्लेन जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ़्तार किया। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी के संयुक्त अमले ने सबसे पहले सोमाढाना के अड्डों पर छापा मार सैंकड़ों बोरियों में रखा लाहन बरामद कर नष्ट किया। इसी अड्डे में हाथ भट्टी मदिरा से भरी कुप्पियाँ भी मिलीं। गंगई के डैम के किनारे भी शराब की भट्टियाँ चढ़ी मिलीं। यहाँ भी गड्ढे खोद लाहन छुपाकर रखा गया था जिसे बरामद कर नष्ट किया गया। इन अड्डों के अलावा राजू धुर्वे के कब्जे से बीस पाव देशी मदिरा और सुमरबती सरयाम के कब्जे से दस लीटर शराब जप्त की।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर महामंत्री हितानन्द शर्मा ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा द्वारा सौंसर के डॉ.एकनाथ जी देवपुजारी परिसर में नवनिर्मित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का अवलोकन किए। संगठन महामंत्री हितानंद द्वारा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन की एकजुटता पर एवं करने वाले कार्य की विस्तार से जानकारी दी।अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मध्यप्रदेश गृहनिर्माण निगम एवं पूर्व संभागीय संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी, पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, लोकसभा के प्रभारी नरेश दिवाकर, लोकसभा सह प्रभारी तथा छिंदवाड़ा जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिख, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, पांढुर्ना जिला संगठन प्रभारी अनिल कुशवाह, जिला महामंत्री राहुल मोहोड़, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम राउत, जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ, जनपद अध्यक्ष संजय भूते, विधानसभा विस्तारक राहुलदेव ठाकरे, विधानसभा संयोजक राजेन्द्र भक्ते, मोरेश्वर मर्सकोले, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े उपस्थित रहे।

### आज व्यापारी संगठन सौंसर का निःशुल्क रोग निदान शिविर

**सौंसर।** रविवार को व्यापारी संगठन सौंसर एवं रेमेडीया हॉस्पीटल नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन अभिनव क्लिनिक फवारा चौक सौसर में किया जाएगा। रविवार 7 अप्रैल संपन्न होने वाले निशुल्क रोग निदान शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागडे ने बताया कि संगठन के माध्यम से निरंतर सौसर क्षेत्र के मरीजों को आसानी से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य को लेकर निरंतर रोग निदान शिविर का आयोजन किए जाते है। आज रविवार को संपन्न होने वाले निशुल्क रोग निदान शिविर मेंई.सी.जी.एवं ब्लड शुगर की जांच की जाएगी। साथ शिविर में डॉ.आशिष सुंड़े एमडी हृदय रोग एवं डायबिटिज तज्ञ,डॉ. सोनल सुंडे,स्त्री रोग, निःसंतान एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन,डॉ.अजय नेनवानी.(हड्डी रोग विशेषज्ञ,डॉ.राजश्री निंबुरकर एमडी मानसिक रोग तज्ञ,डॉ.आदर्श लालवानी,डॉ.कल्याणी सुरकार,डॉ भाग्यश्री गावड़े,राजेश गावड़ेआदि अपनी सेवाए देंगे।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**दमुआ।** मंदिर स्थापना दिवस एवं मां हिंगलाज जयंती के पावन अवसर पर बाबा भोलेनाथ जी के मंदिर शिव भोले की मडिया मंदिर दमुआ नंबर 12 बेरियर रोड मंदिर में दिनांक 6 अप्रैल दिन शनिवार को मंदिर समिति और महिला मंडल दमुआ नंबर 12 एवं भक्तश्रद्धालुओं के अथक प्रयास व सहयोग से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया सुंदरकांड 3:30 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5:00 बजे तक चलता रहा जहां सुंदरकांड पाठ के समापन अवसर पर भारी संख्या भक्त श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किया।

# आयुक्त ने किया योजना कार्यालय एवं बड़वन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय प्रतिदिन मैदानी निरीक्षण में शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे है। इसी क्रम में शनिवार को निगमायुक्त ने योजना कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने जल मित्रो से उनके कार्यों की जानकारी ली। जल मित्रो द्वारा नगर में जल की गुणवत्ता पर सर्वे कार्य किया जा रहा जिसके आधार पर निकाय गुणवत्ता सुधार हेतु कार्य करेंगे। इस दौरान आयुक्त ने जलमित्रो से परीक्षण विधि को समझा। इसके उपरांत आयुक्त ने योजना संबंधी सभी कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए उनके कार्यों की जानकारी ली। योजना कार्यालय के बाद आयुक्त बड़वन स्थित ओपन जिम पहुंचे। यहां उन्होंने सभी उपकरणों का परीक्षण किया एवं सुधार योग्य उपकरणों के शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बड़वन की सुंदरता एवं स्वच्छता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

### सहायक उपयंत्रियों व उपयंत्रियों की ली समीक्षा बैठक

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने शनिवार को निगम सभाकक्ष में सहायक यंत्रियो एवं उपयंत्रियो




की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में प्रमुख रूप से शहर के भवनों में बने तलघरो से जुड़े बिंदुओं पर समीक्षा की गई। निगमायुक्त के पूर्व में किए गए तलघरो के सर्वे रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए सभी उपयंत्रियों को पुनः सर्वे के निर्देश दिए। इस सर्वे में आयुक्त ने सर्वे के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने तलघर की भवन अनुज्ञा की जांच एवं अनुज्ञा के आधार पर उपयोग की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पार्किंग के उद्देश्य से बने तलघर पर अन्य उपयोग पाए जाने पर नोटिस देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने सभी भवनों पर फायर सेफ्टी संबंधी जांच के भी निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित जोनल अधिकारी, समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

## बच्चों के बौद्धिक विकास को लेकर लग रही कक्षाएं

**सिंगोड़ी:** नए शिक्षा सत्र शुरू हो चुके है और प्रायमरी स्कूलों में बच्चों के संज्ञानात्मक वा बौद्धिक विकास को लेकर क्लासे लग रही है ताकि बच्चो के अंदर नई ऊर्जा पैदा हो सके। ऐसा ही नजारा सिंगोड़ी के आस्था कांमेंट स्कूल में देखने को मिला जहां



प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चो को बौद्धिक विकास को लेकर तरह तरह के खेल स्कूल शिक्षिकाओ द्वारा बच्चो को खिलाया जा रहा है ताकि बच्चे स्कूल आने के लिए हमेशा तैयार रहे। यह भी देखा गया की स्कूल टीचर बच्चो को एक दोस्त और मां की तरह देख भाल कर रही है। गौरतलब हो की यह आशावादी व्यवहार बच्चो के प्रति शासकीय स्कूलों में भी दिखाई देना चाहिए ताकि शासन प्रशासन की मंशानुरूप शासकीय प्रायमरी स्कूलों में नए पालक अपने बच्चो का दाखिला ले सके। वही आस्था स्कूल के संचालक डॉ उमेश शर्मा ने संज्ञानात्मक वा बौद्धिक विकास के बारे में कहा की बच्चे की सोचने और तर्क करने की क्षमता का विकास होना चाहिए जिसके लिए तरह तरह के खेल एवं स्टाफ का अपना पन ज्यादा महत्व रखता है।

# कांग्रेस ने मुस्लिमों को गुमराह कर वोट हासिल किए: कुरैशी

**कोयलांचल में युवक कांग्रेस के महासचिव ने सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम युवा भाजपा परिवार में शामिल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कांग्रेस ने मुस्लिमों को गुमराह कर उनके वोट हथियाने का काम किया है, लेकिन मुस्लिमों के समुचित विकास के लिए कभी कोई ठोस नीति नहीं बनाई, यही वजह रही की मुस्लिम समुदाय विकास की गति में दूसरे समुदायों के मुकाबले लगातार पिछड़ता चला गया। यह बात भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के ज़िला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी ने अपने कोयलांचल प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कहीं। उनके प्रवास के दौरान युवक कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता वसीम ख़ान सहित मुस्लिम समाज के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

रिज़वान कुरैशी ने जुन्नारदेव, दमुआ एवं परासिया में अल्प संख्यक मोर्चे की बैठक ली और समाज के प्रमुख लोगों से भी मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने कहा की भाजपा प्रत्येक वर्ग के उत्थान और समुचित विकास के लिए कृत संकल्पित है। यह बात मुस्लिम समुदाय को भी समझना होगा कि भाजपा ही उन्हें विकास के पथ पर आगे बढ़ा सकती है।

इस मौके पर भाजपा परिवार में शामिल होने वालों में युवक कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं प्रवक्ता वसीम ख़ान, जुन्नारदेव के अजहर खान, हैदर खान, हरीश खान, इरशाद खान, शाहबाज खान, शाहरुख खान, अमन खान, मोहित वर्मा, सतीश झरने, विपुल घोष, जैद खान, शहजाद खान, अरबाज खान, अयान खान, अमन खान, घोरावाड़ी के शेख शफीक कादरी, नूर हमीद, वकील ख़ान, आरिफ कुरैशी, गुलज़ार अहमद, मोहम्मद सलीम सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### 85 वर्ष एवं अधिक के और दिव्यांग मतदाताओं को मिल रहा है होम वोटिंग सुविधा का लाभ

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 85 वर्ष एवं अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की वैकल्पिक सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के 1293 ऐसे मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा के विकल्प का चयन किया है। आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में 05 अप्रैल से होम वोटिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में घर पर मतदान कराने के लिए 76 मतदान दलों का गठन किया गया है जो ऐसे मतदाताओं के घर पर पहुंच कर मतदान दलों द्वारा आयोग की गाइड लाइन के अनुसार घर पर ही पोलिंग बूथ बनाकर मतदान कार्य करा रहे हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट श्री राहुल कुमार पटेल ने जानकारी दी है कि आज प्रथम दिवस 05 अप्रैल को कुल 626 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाया है।

# जागते रहो ग्रुप, खून का रिश्ता ग्रुप द्वारा आयोजित शिविर में हुआ 37 यूनिट रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शिलेंद्र सिंह के आदेशानुसार जिला अस्पताल ब्लड बैंक कि रक्त पूर्ति के लिए किया गया रक्तदान 6 अप्रेल परासिया शिव मंदिर हॉल में संपन्न हुआ जागते रहो ग्रुप खून का रिश्ता ग्रुप का 17 वा रक्तदान शिविर। जिले के सक्रिय समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने बताया जिला अस्पताल ब्लड बैंक छिंदवाड़ा में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध ना होने के मरीज को अत्यधिक परेशानी जा रही हैं। जिसके चलते जिले के माननीय कलेक्टर शिलेंद्र सिंह द्वारा टी एल की बैठक में जिला अस्पताल ब्लड बैंक को शीघ्र ही जिले भर में रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए अनुमोदित किया गया। जिसके चलते जिला अस्पताल ब्लड बैंक छिंदवाड़ा द्वारा जिले की समस्त समाजसेवी संस्थाओं एवं समस्त नागरिको से रक्तदान करने की निरंतर अपील की जा रही है। इसी संदर्भ में दिनांक 4 अप्रैल 2024 को समाज सेवी रिंकू रितेश चौरसिया जागते रहो ग्रुप खून का रिश्ता ग्रुप के नाम से परासिया मैं शीघ्र रक्तदान शिविर आयोजित करने हेतु लिखित पत्र प्राप्त हुआ। जिसके अंतर्गत आज 6 अप्रैल को परासिया शिव मंदिर हॉल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

# कांग्रेस ने किया जिले का विकास,बीजेपी करती है पब्लिसिटी - कमलनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



शनिवार को पीपला नारायण मेंके बड चौक में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ के समर्थन में आयोजित ने आमसभा में एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भावुक नजर आए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मैंने छिंदवाड़ा जिले सौसर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। निस्वार्थ भाव से क्षेत्र में भाईचारे धर्म का प्रचार प्रसार हो इस देश को लेकर सिमरिया में भव्य भगवान बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की परंतु उसकी कभी पब्लिसिटी नहीं की है।पब्लिसिटी करने का काम भारतीय जनता पार्टी का है। मैंने अपने जीवन के 44 साल तक जिले के साथ पीपला नारायणवार क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिए है। पिपला ना वार के बुजुर्ग मेरे पुराने साथीगन यह बात अच्छे से जानते हैं। मेरा संबंध पीपला नारायणवार के निवासियों से आज का नहीं है। मरते दम तक में सौसर और छिंदवाड़ा वासियों के साथ रहूंगा।आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सिर्फ कोरी घोषणाएं झूठा प्रचार करते हैं।पीपला नारायणवार क्षेत्र में नाली सड़क बिजली पानी एवं विभिन्न निर्माण कार्य हुए हैं, यह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, नकुलनाथ की देन है। आमसभा को विधायक विजय चौरे ने कहा कि छिंदवाड़ा सौसर पीपला नारायणवार औद्योगिक क्षेत्र का विकास या कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कारण ही संभव हो पाया है। इस दौरान मंच पर कांग्रेस नेता विजय चौधरी, डॉ राजेद्र यमदे,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी,एड ज्ञानेश्वर कॉमड़े,अनिल ठाकरे,संतोष चौधरी,विट्ठल गायकवाड़ आदि थे।

### भाजपा संगठन महामंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम

# भाजपा के वट वृक्ष बनने की यात्रा में कार्यकर्ताओं ने त्याग एवं बलिदान किए है - शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद की गरिमामयी उपस्थिति में भाजपा जिला कार्यालय एवं नगर मंडल-2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 स्थित बूथ क्रमांक 64 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री हितानंद शर्मा जी द्वारा जनसंघ रूपी छोटे से पौधे से लेकर भाजपा के वट वृक्ष बनने की यात्रा एवं लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग एवं बलिदान के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पूर्व में भाजपा का नारा होता था सौंगध राम की खाते है मंदिर वहीं बनाएगें जो कि 500 वर्ष पश्चात पुनः अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर बनने के साथ यह संकल्प पूरा हो चुका है। आज भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का नारा है सौंगध राम की खाते है भारत भव्य बनाऐंगे जो कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण, किसान एवं महिला सशक्तिकरण एवं सबका साथ सबका विकास के साथ भारत का सर्वांगीण विकास कर देश को शक्तिशाली बनाने की ओर अग्रसर करते हुए चरितार्थ करता है। उन्होंने छिंदवाड़ा वासियों से इस लोकसभा चुनावों में छिंदवाड़ा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को सांसद चुनकर जिले के विकास करने हेतु मोदी जी को एक कमल भेंट करने की अपील की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव द्वारा भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।

इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय एवं वार्ड क्रमांक 3 के निवासी प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी श्री पाल के निवास पर प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा द्वारा भाजपा का झंडा लगाया गया एवं उनके परिवार से संवाद स्थापित कर भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने अपील की। कार्यक्रम के अगले चरण में हितानंद शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के लाभार्थियों से चर्चा के उपरांत घर-घर जनसम्पर्क कर लोकसभा चुनावों में कमल के फूल की बटन दबाकर प्रधानमंत्री मोदी जी को छिंदवाड़ा से एक विजयी कमल भेंट करने का आह्वान किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन वार्ड पार्षद राहुल उईके द्वारा किया गया।

## आदिवासियों का अपमान करने वाले सांसद की विदाई तय- विक्रम अहके

# जनता से बोलने बताने वाला स्थानीय सांसद चुने -कमलेश शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



क्षेत्र की जनता 5 सालों से सांसद से मिलने, बोलने बताने को तरस रही है I विकास की बात तो दूर सांसद के दर्शन दुर्लभ हो गए हैं I जनप्रतिनिधि और विधायकों से भी नहीं मिलने वाले सांसद को हटाकर इस बार जनता से बोलने बताने वाला स्थानीय सांसद चुने I भाजपा मंडल सिंगोडी द्वारा आयोजित जनसभा में विधायक राजा कमलेश शाह ने कहा आजादी के बाद से आज पहली बार छिंदवाड़ा जिले में जन्मे, पले-बढ़े, विवेक बंटी साहू आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से छिंदवाड़ा के सांसद बनेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने कहा आदिवासी गोंड राजा कमलेश शाह का अपमान करके सांसद नकुलनाथ ने पूरे आदिवासी समाज का अपमान किया है I जिसका बदला 19 अप्रैल को जिले का आदिवासी समाज जरूर लेगा। जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी ने कहा केंद्र में भाजपा की सरकार और नरेंद्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने सभी मिलकर बीजेपी को जिताकर दिल्ली की संसद पहुँचाएं I कार्यक्रम के पूर्व भाजपा नेताओं का सिंगोडी मंडल के हजारों युवा कार्यकर्ताओं ने ढोल धमाके और आतिशबाजी के साथ प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया I सिंगोडी क्षेत्र के दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी नितिन तिवारी, अध्यक्ष सोनू सरस्वार, योगेश यादव, पुष्प कुमार जैन, डॉक्टर उमेश शर्मा, कैलाश साहू, बंटी परिहार, रामनाथ साहू, राजेश कहार, सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### हितानंद भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**छिंदवाड़ा।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 8.30 पर झंडा वंदन कर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। जिला कार्यालय में झंडा वंदन कर श्री हितानंद जी वार्ड क्रमांक 3 गाडरीढाना के कार्यक्रम में सम्मालित होंगे। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में झंडा वंदन कर भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया मतदान का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेकोलि पेंच क्षेत्र की नुक्कड़ टीम ने रिटर्निंग आफिसर परासिया के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अपनी प्रस्तुति देते हुए निर्भीक होकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए मतदान करने की अपील की । पेंच क्षेत्र के एस.के. डेहरिया (प्रबंधक कार्मिक) पेंच क्षेत्र के मार्गदर्शन में टीम के कलाकार मोहन सिंह ठाकुर , हेड चैन मैन विष्णुपुरी न.2, विनोद मंडलोई , क्लर्क महादेवपुरी , अंकित ताम्रकार मैक फिटर हेल्पर महादेवपुरी , रविन्द्र बाथरी इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर , किशोर मरपे , सपोर्ट पर्सनल माथनी , विक्रम विश्वकर्मा इले फिटर हेल्पर महादेवपुरी, अनूप तायवडे ,क्लीनिंग मजदूर जीएम कार्यालय ,श्रीमती उषा वर्मा सुरक्षा प्रहरी ई डी सी . एवम रामसूरत कैथवास ट्रामर, बड़कुही चिकित्सालय ने अपने अभिनय से लोगो को जागरूक करते हुए 19अप्रैल 24 को होने वाले मतदान में बड़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया ।

# काले हीरे की चमक से फिर जगमगायेगा कन्हान क्षेत्रः बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा-पांढुरना संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के युवा स्थानीय प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के जुन्नारदेव दौरे पर पहुंचने पर कन्हान बचाओ मंच के द्वारा उन्हें स्थानीय समस्याओं से युक्त एक ज्ञापन सोपा गया था। इस ज्ञापन में जुन्नारदेव के लगातार हो रहे बदतर हालात का उल्लेख करते हुए कन्हान क्षेत्र के खत्म होते अस्तित्व के संदर्भ में चिंता जताई गई थी। इस संदर्भ में भाजपा के स्थानीय युवा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कहा कि बीते 45 वर्षों से अधिकतम समय इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कांग्रेस सांसद और विधायक के द्वारा किया गया है। जिनकी लापरवाही और उदासीनता के चलते ही इस क्षेत्र को यह मुंह देखना पड़ रहा है, लेकिन अब यह बदलते दौर में पूर्ण विश्वास है कि देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अब उम्मीद है कि जुन्नारदेव का यह क्षेत्र भी अपनी परंपराओं से अलग हटकर इस दफा के चुनाव में देश की मुख्य धारा के साथ भाजपा के संसद के रूप में अपनी पसंद रखेगा, तब हम संसद और विभिन्न मंच पर इस समस्या का उल्लेख कर उसका त्वरित निदान करने में सक्षम होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा जिले से भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणाम आने से विकास की एक नई इबारत फिर से लिखने की जुन्नारदेव में शुरू की जाएगी। गहरे अंधेरे की ओर बढ़ रहा यह क्षेत्र एक बार फिर अपनी अकूत कोयले अर्थात काले हीरे के भंडार से फिर एक बार जगमगाएगा। इसके लिए विवेक बंटी साहू एवं भाजपा प्रतिबद्ध रहेगी।

## एम.बी.बी.एस. परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनी याशिका जैन



**छिंदवाड़ा।** सर्वोदय अहिंसा के साथ जियो ओर जीने दो की पवित्र भावना का लक्ष्य बनाकर स्वर्णिम भारत की ओर कदम बढ़ाते हुए उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर बेटियां नित्य नए मुकाम हासिल कर छिंदवाड़ा सहित भारत का गौरव बढ़ा रहीं हैं।इसी क्रम में छिंदवाड़ा की बिटिया डॉक्टर याशिका जैन ने इस वर्ष एम. बी. बी. एस. की परीक्षा उत्तीर्ण कर सकल जैन समाज सहित जिले का गौरव बढ़ाया है। डॉ. याशिका जैन सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक वरिष्ठ समाज सेवी दीपक राज जैन संगीता जैन की सुपुत्री हैं।उन्होंने इंडेक्स मेडिकल कालेज इंदौर से अध्ययन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है और कालेज में तृतीय रेंक प्राप्त कर जैन समाज सहित नगर का गौरव बढ़ाया है। डॉक्टर याशिका जैन ने इसका श्रेय अपने सम्मानीय गुरुजनों सहित दादा - दादी श्रीमती पुण्यकुमारी स्वामी प्रकाशचंद्र जैन, मम्मी - पापा श्रीमती संगीता दीपक राज जैन, भाई इंजिनियर यश राज जैन सहित समस्त शुभचिंतकों एवं मित्रगणों को दिया और चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करते हुए प्राणी मात्र के साथ मां भारती की सेवा करने का संकल्प लिया। डॉक्टर याशिका जैन की उपलब्धि पर सकल जैन समाज सहित बडी संख्या में चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित चलित प्रादर्शों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में भौतिक शास्त्र परिषद का गठन किया गया। परिषद में अध्यक्ष पद पर राधा उइके (एम. एस. सी. अंतिम वर्ष), उपाध्यक्ष अश्विनी पवार ( एम. एस. सी. प्रथम वर्ष), सचिव मुस्कान लालवानी(बी. एस. सी. तृतीय वर्ष) एवं सह सचिव पद पर सेजल चौकसे(बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष) का चुनाव किया गया।भौतिक शास्त्र विभाग की 25 छात्राओं द्वारा आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण 16 मार्च को किया गया। जिसमें छात्राओं ने विज्ञान के सिद्धांतो पर आधारित चलित प्रदर्शो का अवलोकन किया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं का पुरुस्कार वितरण समारोह भी विभाग में आयोजित किया गया। भौतिक शास्त्र विभाग में विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत प्राप्त प्रयोगशाला उपकरणों के संचालन संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अजरा एजाज, विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र डॉ महिम चतुर्वेदी, डॉ रश्मि नागवंशी, प्रो सुरेश बाटड़ मौजूद रहे।

### सात दिवसीय रासेयो शिविर का हुआ समापन

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर जिला संगठक रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वाय के शर्मा के निर्देशन में ग्राम चिकलमऊ में लगाया गया था। शिविर का समापन शुक्रवार को किया गया। शिविर समापन अवसर पर प्राचार्य द्वारा सेवा भाव से कार्य करने वाली स्वयंसेविकाओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए भविष्य में इन कार्यों को सदैव याद रख जनहित समाज हित और देश हित में कार्य करने की बात कही गई। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पी अजवानी ने स्वयंसेविकाओ को जागरुक करते हुए दूसरों को जागरूक करने की बात कही। डॉ एके टांडेकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका की जमकर सराहना की। शिविर के दौरान महाविद्यालय स्टाफ से डॉ एसके शेण्डे, डॉ के सोनगरा, डॉ सागर भनोत्रा, खेल अधिकारी नीरज पाल, डॉ गुंजा माहोरे, प्रो जागृति उईके, प्रोफेसर मोहम्मद आबिद, डॉ राहुल भारती, प्रो मनोज मालवीय, डॉ रीना मेश्राम सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रासेयो छात्रा इकाई अधिकारी डॉ रश्मि नागवंशी द्वारा किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर केंसर के बारे में दी गई जानकारी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में एसएलएनसी से प्राप्त निर्देशानुसार ईको क्लब और आई.क्यू.ए.सी. द्वारा 6 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 1 दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के प्रतिष्ठित सर्जन डॉ निकलेश वासनिक एमबीबीएस, एमएस द्वारा कैंसर बीमारी, इसके लक्षण और उपाय विषय पर विस्तृत रूप से पीपीटी व वीडियो के द्वारा व्याख्यान दिया गया। इनमें कैंसर रोग होने के कारण, इसकी विभिन्न अवस्थायें, इनकी पहचान कैसे करें व किस चिकित्सीय प्रक्रिया द्वारा इसका उपचार किया जाता है, मुख्य बिंदु थे। इस व्याख्यान में लगभग 100 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही व उनके द्वारा बहुत ही उत्सुकता से व्याख्यान सुना गया।

व्याख्यान उपरांत जिज्ञासु विद्यार्थियों और उपस्थित प्राध्यापकगण द्वारा सवालों के जवाब और विषय पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत में ईको क्लब प्रभारी डॉ त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के उद्देश्यों और इसके इतिहास पर प्रकाश डाला गया। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के बारे में बताया गया, जो इस बात को दर्शाता है कि आपकी सेहत आपका हक है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थय संगठन का मानना है-किसी व्यक्ति की आर्थिक स्थिति परिस्थिति कैसी भी क्यों न हो, स्वास्थ्य सेवाएं मिलना उसका अधिकार है। इसी कारण सभी देश की सरकार स्वास्थ्य सबंधी फ्री योजनाएँ लाती हैं, ताकि किसी की जान इलाज के न होने की वजह से न जाये।

कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रो डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें प्रो तिरपुड़े, डॉ सत्यशील गेडाम, हेमंत गनवीर, तृप्ति सोनवे, नरेंद्र डोंगरे, डॉ0 दौलतराम ग्वालवंशी, शाईस्ता कुरैशी, सरिता सेनवार, सरिता नागवंशी, आशीष कुमार, दोमदत्त सिंह, दीपक कार्तिकेय, हर्षिता मेश्राम, सन्तोष बिसेन, सुनील चौरे, संतोष गोखले, पराग पालेवार एवम महाविद्यालय में कर्मचारीगण व ईको क्लब के विद्यार्थियों की सराहनीय उपस्थिती रही।

आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ सत्यशील गेडाम द्वारा सफल कार्यक्रम के लिए अतिथि व उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन नरेन्द्र डोंगरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन ईको क्लब प्रभारी डॉ त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा लाइफ लाइन शपथ लेकर किया गया।

## नम आंखों से दी 'आई' को विदाई : पूर्व नप अध्यक्ष श्रीमती मीरा समरीते का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मीरा 'आई' समरीते का 5 अप्रेल की सुबह 8 बजे अचानक हृदयगति रूकने से निधन हो गया था जिनका अंतिम संस्कार आज नगर के कोटेश्वरधाम स्थित मोक्षधाम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में किया गया। वहीं 'आई' को अंतिम विदाई देने में कोई भी पीछे नहीं रहा और जनप्रतिनिधि से लेकर नगर के गणमान्यजन भी 'आई' के अंतिम दर्शन के लिये पूर्व विधायक किशोर समरीते के निवास पर पहूंचे और 'आई' को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं आज 6 अप्रेल को बसपा से लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद कंकर मुंजारे भी श्रीमती मीरा 'आई' समरीते के अंतिम यात्रा में शामिल हुए उन्हें कांधा भी दिया। इसके पश्चात कोटेश्वर धाम स्थित मोक्षधाम में भी श्री मुंजारे अंतिम समय तक रूककर श्री समरीते को इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया। उल्लेखनीय है की श्रीमती मीरा 'आई' समरीते 2015-2020 तक नगर परिषद लांजी की अध्यक्ष रह चुकी है जिन्होने अपने कार्यकाल में लांजी नगर को अनेको सौंगाते प्रदान की तथा एक बार विधानसभा चुनाव में भी भाग्य आजमाया था। वहीं अपने नगर परिषद के कार्यकाल में खाली कुर्सी भरी कुर्सी के चुनाव में विरोधियों को पटखनी देते हुए अपनी अध्यक्षीय पद बरकरार रखा था। वहीं श्रीमती मीरा 'आई' समरीते को नगर के लोग 'आई' के नाम से ज्यादा विख्यात थी।

# आज है कल का पता नहीं : शहर में तेजी से गिर रहा भूजल स्तर, वार्डों में नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



गर्मी का मौसम शुरू होते ही कटंगी नगर के अलग-अलग वार्डों में पीने के पानी की किल्लत शुरू हो गई है. शहर के वार्ड क्रमांक एक, दो के वार्डवासियों का बहुत बुरा हाल है. इन्हें सर्वाधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वार्ड क्रमांक 03 के एक बड़े हिस्से का भी बहुत बुरा हाल है. वार्ड क्रमांक आठ और नौ में नलों से आने वाले पानी की धार इतनी कम है कि जरूरत तो छोड़िए बहुत मुश्किल से पीने का पानी ही मिल पाता है और इससे पहले ही नल बंद हो जाते है. जिससे वार्ड वासियों को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी नहीं मिल पाता. इन वार्डवासियों को पानी जुटाने में किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता होगा. यह समझना इतना सहज नहीं है. पीने के पानी की समस्या को बेहद आसान भाषा में समझना हो यह कह सकते है कि आज का तो पता है लेकिन कल पानी मिलेगा या नहीं इसका पता नहीं है. दरअसल, शहर में खड़ी होने वाली पानी की किल्लत के कुछेक प्रमुख कारण है. जैसा कि कटंगी का भू-जलस्तर मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा, जमुनिया जलाशय, नगर के छोटा और बड़ा तालाब, चंदन नदी के अस्तित्व पर निर्भर करता है. चंदन नदी की बीते दो दशक में क्या हालत हो गई है यह बात किसी से छिपी नहीं है. बारिश का मौसम समाप्त होते ही चंदन नदी से 15 दिनों बाद पानी का प्रवाह बंद हो जाता है. दूसरी तरफ शहर के दोनों तालाबों की स्थिति से भी आप सभी वाकिफ है. इन दोनों तालाबों की जल संग्रहण क्षमता पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है तभी अप्रैल के महीने में तालाब सूखने लगे है. अब मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा और जमुनिया जलाशय की बात करें तो इन जलाशयों से रबी की फसलों की सिंचाई के लिए किसानों की मांग पर मनमाना पानी दिया जाता है. खासतौर से अनुचित तौर पर लगाई जाने वाली धान की फसल की सिंचाई के लिए जो पानी दिया जाता है उससे सर्वाधिक जल की बर्बाद होती है. यह एक चिंता का विषय है. मगर, कभी किसी राजनेता को आपने इस पर चिंता करते या किसानों के बीच जागरूकता फैलाने का काम करते हुए ना देखा होगा ना ही सुना होगा. उल्ट यह नेता अपनी राजनीति को बचाने के लिए किसानों की इस नासमझी का बचाव करते हुए विभाग पर पानी देने का दबाव बनाते है।

### टुल्लु पंप से की जा रही पानी की चोरी

बीते एक दशक में कटंगी शहर का तेजी से विस्तार हुआ है. कभी ग्रामीण अंचलों में बसाहट करने वाली आबादी अपनी खेती की जमीन बेचकर गांवों से निकलकर अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बदलते परिवेश में स्वयं को ढालने के लिए शहर में आकर पक्के और आलीशान मकान बनाकर बसने लगे है. एक अनुमान के मुताबिक मौजूदा वक्त में कटंगी शहर की आबादी करीब 20 हजार के आस-पास तक पहुंच चुकी है. अब इस आबादी को पीने का पानी पहुंचाने के पर्याप्त स्त्रोत पहले से ही नगर परिषद के पास मौजूद है. मगर, कुछ लोग अपनी सुविधा अनुसार टुल्लु पंप लगाकर पानी की चोरी कर रहे है. जिस कारण कई ऊंचाई वाले स्थानों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है. शहर के रसूखदार, नौकरीपेशा, व्यापारी नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी की चोरी कर रहे है. जिस कारण जायज हकदारों को भी पानी नहीं मिल पाता है. ऐसा नहीं कि इस बात की जानकारी नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारियों को नहीं है. मगर, जानकारी होने के बावजूद नपा कार्रवाई करने से बचती है. यहीं कारण है कि लंबे समय से पानी चोरी की सिलसिला बदस्तूर जारी है।

### घर-घर में बिना अनुमति खनन हुए बोरवेल

एक तरफ तो नगर परिषद से सप्लाई होने वाले पानी की चोरी की जा रही है. वहीं दूसरी तरफ आर्थिक रूप से मजबूत लोगों ने अपने घरों में बिना अनुमति बोरवेल खनन कर रखा है. दरअसल, बोरवेल खनन के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेने का चलन कटंगी में कभी नहीं रहा. यहीं कारण है कि आज भी बिना नगर परिषद की अनुमति लिए ही घर-घर में लोग अपनी पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए बोरवेल खनन कर रहे है और नगर परिषद के सार्वजनिक नलों का उपयोग करने से लेकर घरेलू नल कनेक्शन भी ले रखा है. जिसका भुगतान भी समय पर नहीं किया जाता. नगर परिषद के सभी 15 वार्डों के करीब 3 सौ से अधिक कनेक्शनधारियों पर 09 लाख से अधिक का जलकर बकाया है. नगर परिषद कर्मचारी जलकर वसूली के लिए जाते तो है लेकिन अक्सर खाली हाथ ही लौटकर आते है।

आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि कटंगी एक ऐसा शहर है. जहां गंदी नालियों के भीतर पाईप लाइन का विस्तार किया गया है और यह कारनामा नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे की निगरानी में हुआ है. उन्होंने कटंगी शहर को इस कदर बर्बाद करने की ठानी की नालियों के भीतर तक पानी की पाइप लाइन का विस्तार करवा डाला है. ऐसे में कई बार जब पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो लोगों के घरों तक दूषित पानी पहुंचता है।

## म0 प्र0 जन अभियान परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत झाडग़ॉव व डोंगरमामली में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विकासखण्ड वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय झाडग़ॉंव एवं डोंगरमाली में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला बालाघाट सेक्टर क्रं 2 लिंगमारा, नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति वारासिवनी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम संपन्न किये गये। जिसमें दीवारों पर नारा लेखन, मेंहदी लेखन के अतिरिक्त रांगोली प्रमुख रूप से सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त उक्त ग्रामों के मतदाता महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा मतदान करने की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम द्वारा मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मेंहदी, रांगोली एवं दीवारों पर नारा लेखन में जो नारे लिखे गये थे, उनमें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो प्रमुख रूप से सम्मिलित है। इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से ग्राम पंचायत झाडग़ांव में कोमेन्द्र बिसेन परामर्शदाता विकासखण्ड वारासिवनी, राकेश मिश्रा सेक्टर प्रभारी एम.एस.डब्ल्यू, छात्रा कु. सुजाता सरोदे, वर्षा नगपुरे, रोशनी नगपुरे बी.एस.डब्ल्यू, छात्रा कु. भागेश्वरी केकती, फूलवंता परते, कांति राउत, निर्मला कंसरे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरस्वती लिल्हारे एवं सहायिका रसूला अटराहे, सहित ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### मैनेजर एवं स्टाफ ने बैंक परिसर में ही आयोजित किया विदाई समारोह

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लांजी के असिस्टेंट मैनेजर हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लांजी में असिस्टेंड मैनेजर के पद पर पदस्थ गजेन्द्र जयसिंधु आज 6 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गये। इस दौरान बैंक कर्मियों ने उनके कार्यकाल की महत्वपूर्ण सहभागिता को व्यक्त किया और कहा गजेन्द्र जयसिंधु का ग्राहकों के साथ व्यवहार अच्छा रहा है और ऐसे सुंदर व्यवहार के कारण इनकी क्षेत्र में पहचान बनी है। उल्लेखनीय है की असिस्टेंड मैनेजर गजेंद्र जयसिंधु पिछले 30 वर्षो से 1994 से 2024 तक अस्टिंट मैनेजर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे इस दौरान उन्होने विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दी और अपने मधुर और मिलनसार व्यवहार से हर जगह अपनी एक अलग छवि स्थापित की। वहीं उन्होने धर्मनगरी में लांजी लगभग दो वर्षो तक अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर अनीष कुमार सिन्हा शाखा प्रबंधक, विनीत परमार शाखा प्रबंधक रजेगाव, तेजराम देशकर कृषि वित्त अधिकारी, विजय पासवान, राधे श्याम लांजेवार, अजय सोनवाने, अनिश कठाने, रवि धारणे, वी वेंकटेश, प्रमोद अग्रवाल कांग्रेस शहर अध्यक्ष भी मौजूद रहे। जिनके द्वारा असिस्टेंड मैनेजर गजेंद्र जयसिंधु को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को नाश्ता भी कराया गया। अपने बिदाई समारोह से अभिभूत होकर असिस्टेंड मैनेजर गजेंद्र जयसिंधु ने कहा आज बैंक परिसर में मैनेजर सर एवं साथी स्टाफ द्वारा जो यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है उसका वे हृदय से अपने साथियों का धन्यवाद देते है और जितना प्रेम और स्नेह उन्हें अपने साथी स्टाफ के लोगों से मिला है जिससे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वे अपने परिवार से दूर हैं। श्री जयसिंधु ने कहा वे बैंक अनुशासन को लेकर काफी सजग रहे है जिसको लेकर कभी कभार अपने साथी कर्मचारियों को डांट एवं फटकार भी लगाई है परंतु कभी किसी ने भी मेरी बातों का बुरा नहीं माना और मुझे बहुत ज्यादा सम्मान और प्यार दिया।

# जवानों से भरी बस और कार में हुई टक्कर, 3 की मौत, 26 जवान घायल

**हादसे में बस में सवार 26 एसएएफ जवान घायल हो गए जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवलारी अस्पताल में चल रहा है। घायलों में विशेष सशस्त्र बल के एक जवान मदन भांडे (43) की नाजुक हालत देखते हुए उसे नागपुर रेफर कर दिया गया है।**

**सिवनी-मंडला स्टेट हाईवे में केवलारी के धानागाढ़ा गांव के पास रात करीब 1 बजे 35वीं बटालियन मंडला विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के 31 जवानों को लेकर बस पांढुरना (छिंदवाड़ा) जा रही थी। इसी दरम्यान नागपुर से मंडला आ रहे कार वाहन से बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद अनियंत्रित बस सड़क पर पलट गई। इस भीषण सड़क दुघर्टना में कार ड्राइवर सहित इसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।





केवलारी थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार कार सवार मृतकों की पहचान कन्हैया जसवानी (75), निकलेश जसवानी (45), ड्रायवर पुरूषोत्तम महोबिया (37) सभी मंडला निवासी के रूप में हुई है। वहीं कार में सवार अन्य दो घायलों अशोक कुकरेजा (53) और ममता जसवानी (42) का इलाज केवलारी अस्पताल में जारी है। मंडला निवासी जसवानी परिवार कार वाहन क्र. एमपी 51 जेबी 1369 से नागपुर इलाज कराने के बाद शुक्रवार-शनिवार रात वापस लौट रहा था। थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने बताया कि मंडला बटालियन कैम्प से वीआइपी ड्यूटी करने एसएएफ अधिकारी सहित जवानों को लेकर बस पांढुरना (छिंदवाड़ा) जा रही थी। धानागाड़ा के पास सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों से अनियंत्रित होकर एसएएफ जवानों से भरे बस की जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कार और बस में सवार घायलों को तत्काल केवलारी केवलारी अस्पताल पहुंचाया गया। शव का केवलारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है।

## हिंदू नववर्ष पर निकलने वाली वाहन रैली को तैयारियां जोरों पर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** युवा हिंदू उत्सव समिति सिवनी के तत्वाधान ने सिवनी नगर में चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा में हर वर्ष निकलने वाली दो पहिया वाहन रैली की तैयारिया जोरों पर चल रही है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों एवं पास के ग्रामीण क्षेत्रों में युवा हिंदू उत्सव समिति द्वारा बैठके आयोजित कर हिंदू नववर्ष की वाहन रैली को भव्यता प्रदान करने की अपील सभी सनातन धर्मियों से की जा रही है।



ज्ञात हो की ही हिंदू नववर्ष पर निकलने वाली वाहन रैली 9 अप्रैल को स्थानीय बड़े मिशन स्कूल से सुबह 9 बजे निकाली जावेगी जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः बड़े मिशन स्कूल में संपन्न होगी। युवा हिंदू उत्सव समिति द्वारा सभी सनातनियों से वाहन रैली को भव्यता प्रदान करने की अपील इन बैठकों के माध्यम से की जा रही है, विगत दिनों नारी शक्ति को इस विशाल वाहन रैली में शामिल करने के बेठक आयोजित हुई है,जिसमे बड़ी तादाद में महिलाओं व युवतियां शामिल रही है सभी ने कहा कि इस वर्ष के आयोजन में नारी शक्ति की सख्या ज्यादा होगी। रैली बड़े सुबह बड़े मिशन स्कूल मैदान से आरभ होगी,जहां से वाहन में सवार युवक युवतियों का काफिला,गणेश चौक, बरघाट नाका,काली चौक, शुक्रवारी चौक ,राम मंदिर, नेहरू रोड, गिरजाकुण्ड,दुर्गा चौक,से मठ मन्दिर तालब से होते हुए छिन्दवाड़ा चौक गणेश मंदिर, नगर पालिका चौक, बस स्टेंड, पोस्ट ऑफिस, सोमवारी चौक, होम गार्ड ऑफिस,रॉयल लान,पालीटेक्निक टोला, मातोश्री, टूटी पुलिया, एस पी बंगला, बाहुबली चौक से सिंधिया पुतला होते हुए पुन बड़े मिशन स्कूल मैदान पहुंचकर समाप्त होगी।

## स्वास्थ्य व स्वच्छता सबंधी जागरूकता के लिये तत्पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक

**शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी की राष्ट्रीय सेवा योजना बालक एवं बालिका इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अहिरवार एवं प्रो. गनेश मंतारे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कातलबोडी में लगाया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शिविर के दौरान परियोजना कार्य द्वारा लगातार ग्राम में स्वच्छता, नशा मुक्ति, जन स्वास्थ्य को लेकर लगातार लोगों को जागृत किया जा रहा है। बौद्धिक सत्र में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से आए विशेषज्ञ द्वारा कातलबोडी ग्राम पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से ले गए जल का परीक्षण कर शुद्ध जल की गुणवत्ता की जांच की गई और ग्राम वासियों को पेयजल गुणवत्ता से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की गई उन्हें बताया गया कि कौन सा जल पीने योग्य है अथवा नहीं इसी तारीख में देपालपुर से आए गौ रक्षा अनुसंधान केंद्र के प्रभारी ने गौमाता संरक्षण और गौउत्पाद से संबंधित जानकारियां स्वयंसेवकों एवं ग्राम वासियों के साथ के साथ साझा की। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र घर-घर जाकर स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को वोट डालने हेतु जागरूक किया जा रहा है। रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा लगातार बड़ी संख्या में ग्राम वासियों को नृत्य एवं नाटकों के माध्यम से दहेज प्रथा, बाल अपराध की रोकथाम एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता फैला रहै है।

### लू से बचाव के लिये रखे सावधानी

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से जन-सामान्य के बचाव के लिये समस्त जिला प्राधिकरणों तथा लू प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सलाह दी गई है कि :- पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।

## निगरानी बदमाश एवं उसके साथी से कोतवाली पुलिस ने चोरी की चार मोटर साइकिल बरामद

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले में हो रही मोटर साइकिल चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिये तत्पर है जो निर्देशानुसार इसी मुहीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी एवं टीम शहर में हो रही मोटर साइकिल चोरी पकडने के लिये तत्पर है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



दिनांक 02.04.2024 को थाना कोतवाली क्षेत्र गायत्री मंदिर से एक मोटर सायकल MP22MK4710 स्पलेण्डर गाड़ी चोरी होने की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्र. 250/24 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। मुखबिर एवं तकनीकी सहायता का उपयोग करते हुये कई संदिग्धो से पूछताछ की गयी जो संदेह के आधार पर थाना कोतवाली का निगरानी बदमाश राज उर्फ दद्दु यादव को हमराह लेकर पूछताछ की गयी जो पहले घटना बताने में आनाकानी किया बाद में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपने साथी लक्ष्मीकांत डेहरिया के साथ मिलकर उक्त दिनांक को एक सिल्वर रंग की स्पलेण्डर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया और पुनः पूछताछ में तीन अन्य चोरी की मोटर साइकिल चोरी करना बताया उक्त दोनों आरोपी से चोरी की अन्य तीन मोटर साइकिल को पुलिस ने धारा 41(1-4) जाफौ. में बरामद किया एवं बरामद हुई गाड़ीयों के वाहन स्वामी का पता किया जा रहा है। दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। मोटर साइकिल विवरणः-1) एक स्प्लेण्डर गाडी जिसका चेचिस नम्बर 99M19F18189 2) एक सिल्वर स्प्लेण्डर जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर MP22MK 4710 3) एक काले रंग की होण्डा साईन जिसका चेचिस नम्बर ME4JC65 DFKG0286382 4) एक हीरो होण्डा एस एस बिना नम्बर की जिसका इंजिन चेचिस नम्बर घिसा हुआ है। किमती लगभग 280,000/- रूपये नाम आरोपी-1) राज उर्फ दद्दु यादव पिता लेखराम यादव उम्र 42 साल निवासी हड्डी गोदाम टीपू सुल्तान चौक पानी टंकी के पास भगतसिंह वार्ड सिवनी (उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी थाना कोतवाली में निगरानी बदमाश के चोरी एवं मोटर साइकिल चोरी की घटना के लगभग 10 अपराध है।) 2) लक्ष्मीकांत डेहरिया पिता ओमकार डेहरिया उम्र 24 साल निवासी ग्राम खैरा नागमढियाके पास चौकी पलारी थाना केवलारी हाल करण यादव के मकान में किराये से घसियारी मोहल्ला सिवनी सराहनीय कार्यः - निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक राहुल काकोडिया, प्रधान आरक्षक जगदीश घोडेश्वर, रेवाराम रघुवंशी, आरक्षक नितेश राजपूत अमित रघुवंशी, विक्रम देशमुख, इरफान खान, अजय मिश्रा, अरविंद मण्डराह, हेमराज, म. आर. नीतू धुर्वे ।

## विकासखण्ड कुरई में कलेक्टर ने जल-जीवन मिशन की ली समीक्षा बैठक

### अधिकारी-कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने शनिवार 06 अप्रैल को कुरई विकासखण्ड के जनपद पंचायत सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ ही साथ ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायक की बैठक लेकर जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने सीधे मैदानी अमले से उनके ग्राम में पेयजल आपूर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अपूर्ण योजनाओं एवं आंशिक आपूर्ति वाले ग्रामों में सुधार कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अनुबंधकर्ता को निर्देशित किया है। समीक्षा के दौरान सामने आए लापरवाह अनुबंधकर्ता एक्वालाला राईट वॉटर्स, रॉयल इंजीनियरिंग, मेसर्स प्रगति इंजीकन्स को बाउंडओवर करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरई को दिए। इसके साथ-साथ इन अनुबंधकर्ताओं के द्वारा तय समय सीमा में कार्य पूर्ण न करने पर सभी को टर्निमेट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होने वाले मतदान को लेकर भी विकासखण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्था जैसे रैम्प, बिजली, पानी के साथ-साथ ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं के लिए पेयजल, छांव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा खेत-तालाब योजना के प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साथ सामुदायिक तालाबों के उन्नयन के लिए तालाबों को चिन्हांकित करने के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अरूण श्रीवास्तव सहित पीएचई एवं जल निगम का मैदानी अमला उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



नगर भाजपा दक्षिण मंडल के रेलवे स्टेशन शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न हुई। इस शक्ति केंद्र में रानी दुर्गावती वार्ड के 3 बूथ और तिलक वार्ड के 2 बूथ का समावेश है । बैठक मे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी , भारतीय जनता पार्टी के नगर दक्षिण मंडल के संयोजक नरेंद्र ठाकुर , राजेश राजू यादव , नगर दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे एवं उपाध्यक्ष राज ठाकुर , वार्ड अध्यक्ष संदीप माना ठाकुर , गगन विश्वकर्मा , शक्ति केंद्र के की बैठक मे विशेष उपस्तिथि रही।

### पीजी कॉलेज के प्रोफेसर शेंडे को बुलट चालक ने मारी टक्कर, घायल

पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग में पदस्थ प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार शेंडे को तेज रफ्तार से चला रहे एक बुलेट में सवार दो लोगों ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते प्रोफेसर शेंडे के बाय पर में गहरी चोट लगी है। प्रोफेसर शेंडे ने बताया कि वे शनिवार को सुबह लगभग 11:30 बजे अपने निवास स्थान वीर होम्स से पीजी कॉलेज जाने के लिए निकले थे। स्कूटी से निकले शेंडे की स्कूटी वीर होम्स के गेट क्रॉस कर रही थी कि वहां से गुजर रहे बुलेट में सवार दो लोगों ने प्रोफेसर शेंडे की स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बुलेट नंबर एमपी 22 एमजी 2903 के चालक ने तेज रफ्तार से बुलेट चलते हुए जोरदार टक्कर मारी जिससे यह घटना घटी।

## मां कर्मा जयंती के अवसर पर सामूहिक आदर्श विवाह एवं परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

साहू समाज की आराध्य देवी भगवान श्री कृष्ण की भक्त संत शिरोमणि मां कर्मा देवी जी की जयंती के उपलक्ष्य में सिवनी जिला मुख्यालय मैं सामूहिक दवाई एवं आदर्श परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिले के मोती महल लान में विविध कार्यक्रम होंगे कार्यक्रम 7 अप्रैल 24 को होगा,इसमें साहू समाज भवन से विशाल शोभायात्रा निकलेगी तथा जिला मुख्यालय सिवनी में जिला साहू समाज के द्वारा सामूहिक विवाह ब परिचय सम्मेलन का आयोजन 7 अप्रैल 24 मोती महल लॉन बरघाट रोड ढूंढा सिवनी में किया जाएगा, साहू समाज के जिला अध्यक्ष गुलाब साहू ने बताया कि भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में हो रहे सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन में भाग लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है, यहां यह बता दे की समाज के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन कर अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर तथा वाहन रैली, शोभायात्रा, पूजन संगीतमयी आरती, भोजन प्रसादी तथा वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा नृत्य व गायन शानदार प्रस्तुति की जाएगी कार्यक्रम में प्रातः से ही सामाजिक बंधुओं द्वारा अपने2 प्रतिष्ठान बंद रखकर सुबह से पूजन आरती,बारात अतिथियों को स्वागत उद्बोधन तथा भोजन प्रसादी सहित वृंदावन से पधारे कलाकारों के द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भवन में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

### इंटर स्टेट बार्डर मीटिंग आयोजित की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर मप्र और महाराष्ट्र सीमा में कार्रवाई के लिए देवलापार में पुलिस की इंटर स्टेट बार्डर मीटिंग आयोजित की गई। इसमें तय हुआ कि कुरई और देवलापार पुलिस समन्वय बनाकर कार्रवाई करेगी। यदि किसी आरोपी के खिलाफ कुरई थाने में मामला दर्ज और वह देवलापार और नागपुर क्षेत्र में फरारी काट रहा है, तो उसकी गिरफ्तारी कर संबंधित थाने को सौंपा जाएगा। यदि देवलापार और नागपुर थाना क्षेत्र में कुरई क्षेत्र का आरोपित फरारी काट रहा है, तो उसकी गिरफ्तारी कर कुरई पुलिस को सौंपा जाएगा।

## स्कूल, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है। जिले में समाज के हर वर्ग के मतदाता को जोडने के लिए विभिन्न विभागों की विविध गतिविधियां सतत आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा बाईक रैली के माध्यम से जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों को भ्रमण कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। किसान कल्याण एवं कृषि विभाग कार्यालय से प्रारंभ हुई इस बाईक रैली में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ कृषि आदान सामग्री विक्रेता भी शामिल हुए। मतदाता जागरूकता के नारों के माध्यम से नगरवासियों से आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। इसी क्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं के घर-घर जाकर आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील की जा रही है। वहीं नवमतदाताओं को जोडने के लिए खेल गतिविधियों जैसे रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध, वाद-विवाद का आयोजन लगातार जारी है।

### खेतों में फसल नरवाई न जलायें, किसानो को सलाह

## 15 हजार रूपए तक जुर्माना प्रस्तावित

**फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों को कदापी न जलाएँ । नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम 2500 रूपये, 2 एकड़ से 5 एकड़ तक 5000 एवं 5 एकड़ से अधिक 15000- रूपये का जुर्माना किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर क्षितिज सिंघल व उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों को कदापी न जलाएँ। इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य एवं जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

फसल अवशेष जलाने से वातावरण में कार्बन डाईऑक्साईड, मिथेन, कार्बन मोनोऑक्साईड आदि गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। मृद्रा की सतह का तापमान 60-65 डिग्री सेन्टीग्रेट हो जाता है, ऐसी दशा में मिट्टी में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु जैसे-बेसीलस सबटिलिस, स्यूडोमोनास, फल्यूरोसेन्स, एग्रोबैक्टीरिया, राइजोबियम प्रजाति, एजोटोबैक्टर प्रजाति, एजोस्पियरिलम प्रजाति सेराटिया प्रजाति आदि नष्ट हो जाते है। ये सूक्ष्य जीवाणु खेतो में डाले गये खाद एवं उर्वरक को तत्व के रूप में घुलनशील बनाकर पौधों को उपलब्ध कराते है। अवशेषों को जलाने से ये सभी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते है। इन्ही सूक्ष्म जीवों के नष्ट हो जाने से खेतों में समुचित रूप से खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति पौधों को न हो पाने के करण उत्पादन प्रभावित होता है।

### कृषि विकास विभाग की किसानों से अपील

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों कडवी नरवाई को रोटावेटर व कृषि यंत्रों के माध्यम से जुताई कर खेत में मिला दें। फसल अवशेष पर वेस्ट डिकम्पोजर कचरा अपघटक या बायोडायजेस्टर के तैयार घोल का छिड़काव करें या फसल की कटाई के बाद घास-फूस पत्तियाँ, ठूँठ, फसल अवशेषों को सड़ाने के लिए 20-25 किलोग्राम नत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर बिखेर कर नमी की दवा में कल्टीवेटर या रोटावेटर की मदद से मिट्टी में मिला देना चाहिए। इस प्रकार अवशेषों खेतों में विघटित होकर मिट्टी में मिल जाते है और जीवाणुओं के माध्यम से ह्यूमस में बदलकर खेत में पोषक तत्व (नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर आदि) तथा कार्बन तत्व की मात्रा को बढ़ा देते है। हमारे खेतों में ये ह्यूमस तथा कार्बन ठीक उसी प्रकार काम करते है जैसे हमारे खून में रक्त कणिकाएँ। इसीलिए किसान भाई फसल अवशेष प्रबंधन को अपना कर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान करें। म.प्र.शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 मार्च 2017 को जारी नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम 2500 - रूपये,2 एकड़ से 5 एकड़ तक 5000- एवं 5 एकड़ अधिक 15000- रूपये का जुर्माना किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त को पत्र लेख किया है कि फसल अवशेष नरवाई जलाने पर अर्थ दण्ड वसूलने की कार्यवाही की जावें। अतः कृषक भाईयो से अपील की जाती है कि वे फसल अवशेषों न जलाकर पर्यावरण की सुरक्षा करें एवं मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखे।

## खबर संक्षेप

### चलित मतदान दलों का हुआ प्रशिक्षण



**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट में 7 और 8 अप्रैल को चलित मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांजन जो घर से मतदान करना चाहते है। उनके लिए मतदान रविवार और सोमवार को होगा। चलित मतदान के लिए शनिवार को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत ले सभागृह में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने मतदान दलों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान तहसीलदार व डीडी ठाकरे मौजूद रहे।

### स्कूलों के समय में कलेक्टर ने किया समय परिवर्तन

**बालाघाट।** शैक्षणिक सत्र 2024-2025 इस माह की 1 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। वर्तमान में गर्मी के तापमान एवं आगामी समय में इसकी संभावित वृद्धि को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य दृष्टि से जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय/नवोदय / सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं का चालन का समय प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक नियत करने के आदेश कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जारी कर दिए है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि परीक्षायें एवं मूल्यांकन का कार्य पूर्ववत निर्धारित समय सारिणी अनुसार संचालित होंगे। यह आदेश ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने तक प्रभावशील रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### वृद्धाश्रम के मतदाता भी हुए मतदान करने के लिए जागरूक

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले मतदाता जागरूकता अभियान अपनी तेज गति के साथ हर एक मतदाता तक अपनी पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान में बिरसा में केंदाटोला के वृद्धाश्रम में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जानकारी के अनुसार इस वृद्धाश्रम में लगभग 70 वर्ष से अधिक आयु के 22 वृद्ध और 4 दिव्यांगजन है। सभी ने मतदान करने का संकल्प भी लिया है। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता अभियान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में संचालित है।

### रेडी टू 19 अप्रैल क्रिकेट टूर्नामेंट में स्वीप टीम ने जीत हासिल की

**बालाघाट।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 5 अप्रैल को स्वीप गतिविधि में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस रोचक टूर्नामेंट में शुक्रवार देर शाम को फायनल मैच बीयू एनआरएलएम वारासिवनी और स्वीप खेल विभाग के बीच खेला गया। ढलती शाम के कारण ओवर 5 से घटाकर 3 ओवर किया गया। बीयू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 3 ओवर में 7 वोट (रन) बनाए। बल्लेबाजी करने उतरी स्वीप की टीम ने दो चौके मारकर जीत हासिल की। स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। साथ ही स्वीप टीम की नूपुर दशहरे को वुमन ऑफ मैच चुना गया।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया रक्तदान

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने की इससे अच्छी मिशाल नही देखी। शुक्रवार को जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी विकास रघुवंशी और सहायक रवि पालेवार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला अस्पताल में रक्तदान किया।

### एसपीजी और एयरफोर्स के जवान पहुंचे, सुरक्षा को लेकर तैयारी शुरू

# 9 अप्रैल को पीएम मोदी आएंगे बालाघाट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम मोदी 9 अप्रैल को बालाघाट आ रहे हैं। वे उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 9 अप्रैल को बालाघाट आ रहे है। यहां वे भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल बाद दूसरी बार बालाघाट पहुंचेंगे। इससे पूर्व वे 2014 के चुनाव में बालाघाट आए थे। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सुरक्षा को लेकर एसपीजी और एयरफोर्स के जवान बालाघाट पहुंच गए हैं। जवानों ने सुरक्षा को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

शनिवार को एयरफोर्स का एयर प्लेन भी बालाघाट शहर में राउंड लगाता नजर आया। बताया गया कि अगले एक-दो दिनो में प्रधानमंत्री की सुरक्षा का पूरा अमला बालाघाट पहुंचेगा। बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा के मद्देनजर सुरक्षा के इंतजाम आसमान से लेकर जमीन तक किए जाएंगे।

जिला नक्सल प्रभावित होने और हाल में ही बालाघाट पुलिस ने दो नक्सलियों को मार गिराने की घटना के बाद वीवीआईपी के दौरे



को लेकर ना केवल प्रधानमंत्री का सुरक्षा अमला बल्कि बालाघाट पुलिस भी गंभीर दिखाई दे रही है।

## पहली बार अत्यावश्यक सेवा में शामिल पत्रकार 3 दिनों में कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग ने आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में पहली बार संचार प्रतिनिधियों को अत्यावश्यक सेवा में शामिल कर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की है। इस सेवा के माध्यम से मतदान वो संचार प्रतिनिधि कर पाएंगे, जिन्होंने प्रारूप-12-डी के साथ पोस्टल बैलेट की सुविधा का उपयोग करने की सहमति दी है। ज्ञात हो कि इसमें लिए 21 मार्च को कलेक्टर सभागृह में संचार प्रतिनिधियों को इस सेवा का प्रशिक्षण दिया गया था। इस दौरान कई संचार प्रतिनिधियों में सहमति देते हुए प्रारूप-12 डी भरकर जनसम्पर्क कार्यालय में उपलब्ध कराया था।पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित अत्यावश्यक अनुपस्थित वोटर्स सर्विस के मतदाताओं के लिए 9, 10 और 11 अप्रैल को सुविधा केंद्र में आकर मतदान कर सकेंगे। सुविधा केंद्र कलेक्टर कार्यालय स्थित मुख्य प्रवेश द्वार के पास बनाया जाएगा। इस सेवा के माध्यम से मीडिया, एमपीईबी और नगर पालिका के फायर ब्रिगेड के स्टॉप मतदान करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इन तीन श्रेणी के मतदान वास्तविक मतदान दिवस 19 अप्रैल को अन्य निर्वाचन कार्यो में व्यस्त रहेंगे। इस कारण इस श्रेणी के मतदाताओं से पूर्व में ही मतदान कराया जाएगा। 9 से 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे। सुविधा केंद्र पर मतदान करने के लिए आयोग ने 12 श्रेणी के पहचान पत्र निर्धारित किये है उनमें से कोई एक साथ लेकर आना होगा।

## नागेश्वर परिवार की अनूठी पहल : बेटी के जन्म पर ढोल नगाढ़े बजाकर करवाया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाव... बेटी हैं तो कल हैं... जैसे नारे अब गांव में चरितार्थ होने लगे हैं। औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा निवासी शिवराम नागेश्वर के घर पोती के जन्म पर खुशियां मनाते हुए। ढोल नगाढ़ों के साथ पोती को गृह प्रवेश करवाया गया। एक सप्ताह पूर्व नागेश्वर परिवार की बहू संतोषी नागेश्वर को प्रसव पीड़ा होने पर जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। वहां पर बेटी के जन्म पर नागेश्वर परिवार ने खुशियां मनाते हुए बेटी को एंबुलेंस से घर लाया। मुख्य मार्ग पर एंबुलेंस वाले ने बेटी को उतार दिया। सासू मां ज्ञानबाई नागेश्वर तथा ससुर शिवराम नागेश्वर ने ढोल नगाढ़ों के साथ बेटी को लेने मुख्य सड़क पर पहुंचे। मिठाई खिलाते हुए रंग गुलाल लगाकर अपनी पोती का स्वागत करते हुए गृह प्रवेश करवाया हैं। मोहल्ले की माताओं, बहनो के द्वारा भी यात्रा में शामिल होकर नागेश्वर परिवार को बधाई को देते





हुए बेटी को आर्शिवाद दिया। वार्ड पंच श्रीमती श्रीमती जुबेदा शाह ने भी नागेश्वर परिवार को बधाई देते हुए उनकी यात्रा में शामिल होकर बेटी को आर्शिवाद दिया। वहीं ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन को जानकारी लगते ही उन्होंने नागेश्वर परिवार को बधाई देते हुए बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि गर्रा गांव की बेटी गांव का गौरव हैं। बेटी की शिक्षा दिक्षा में ग्राम प्रधान कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

## दो बसों के बीच भिड़ंत, CRPF जवान सहित 9 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

चांगोटोला थाना अंतर्गत नैनपुर रोड पर शनिवार दोपहर 11-12 बजे सीआरपीएफ जवानों और यात्रियों से भरी बस आमने-सामने से टकरा गई। इसमें सीआरपीएफ के 6 जवान और यात्री बस में सवार में 3 लोग घायल हो गए। हालांकि घायलों को मामूली चोटें होने से लामता स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिकी उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

लामता थाना प्रभारी डीएस डामोर की माने तो नारायण बस एमपी 50 पी 0293 बालाघाट से नैनपुर की ओर जा रही थी। जबकि सीआरपीएफ जवानों की भरी बस क्रमांक एमपी 04 पीए 0965 मंडला से लांजी की ओर जा रही थी। यह मार्ग संकरा होने और सड़क के साइड सोल्डर भरे नहीं होने के कारण बस चालकों की लापरवाही के कारण आमने-सामने से टकरा गई। जिससे बस में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान और यात्री बस के 3 यात्री घायल हो गए। जानकारी के बाद चांगोटोला और लामता थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और



घायल जवानों और यात्रियों को लामता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है। जबकि दोनों ही क्षतिग्रस्त बसों को चांगोटोला थाने में खड़ा किया गया है।

### आजिविका दीदीयों एवं मनरेगा मजदूरों द्वारा रैली एवं शपथ के माध्यम से मतदान के लिये किया गया जागरूक

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और जिला स्वीप नोडल श्री डीएस रणदा के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता अंतर्गत विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। इसी कड़ी में वारासिवनी जपं सीईओ सुश्री दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लाक स्तरीय स्वीप टीम, आजिविका मिशन के अधिकारी/कर्मचारी एवं शिक्षक की उपस्थिति में कार्य स्थल पर लगे मनरेगा मजदूरों ने मतदान की शपथ ली। वहीं अजिविका दीदीयों के द्वारा रंगोली डालकर, मेहंदी हाथों में सजाकर, गांव में रैली निकालकर नारे लगाते हुए भ्रमण किया गया।

### मनरेगा मजदूर भी जगा रहे है मतदाता जागरूकता अलख

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान हर गांव, गलियों, मोहल्ले व खेतों, नगर हाट बाजार तक पहुँच गया है। मतदाता जागरूकता के लिए मनरेगा मजदूरों द्वारा भी 19 अप्रैल को मतदान करने का अलख जगाया जा रहा है। बालाघाट जनपद के प्रतापपुर व हरदौली में किये जा रहे है कार्यो के दौरान मनरेगा मजदूरों ने मतदान का आव्हान किया है।

### दूल्हे ने अपनी अर्धांगनी और कुटुंब के साथ ली शपथ

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन -2024 में मतदाता जागरूकता की ऐसी पहल कभी नही देखी। बालाघाट जनपद के बोदा गांव में शनिवार को भटेरा से दूल्हा राम प्रसाद अपनी अर्धांगनी राधा बिरंवार को ब्याह करके लाये। तब बोदा अपने घर पहुँचने पर दूल्हे राम प्रसाद ने दुल्हन राधा और अपने पूरे कुटुंब के साथ 19 अप्रैल को मतदान करने की भी शपथ ली। ऐसी तस्वीरें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को सजीव कर देती है।

## आग को काबू कर जन हानि होने से बचाया सीआरपीएफ के जवानों ने

हरिभूमि न्यूज उकवा। 6 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को डी/123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप परिसर सोनेवानी से लगभग 300 मीटर की दूरी पर सोनेवानी निवासी मनोज अमूले



पिता तुकाराम अमूले के मकान में जहां पर उनकी टेलरिंग की दुकान भी है उसमें सुबह लगभग 3:15 बजे अचानक आग लग गई सीआरपीएफ कैंप परिसर के मोर्चे में तैनात संतरी ने जब मनोज की दुकान में आग की लपटे एवं धुआं देखा और ग्रामीणों के जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनी तो संतरी ने तत्काल कैंप को अलर्ट किया जिसके बाद सीआरपीएफ कंपनी के सभी जवानों के द्वारा आग बुझाने के सारे साजो समान के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे घटनास्थल पर पहुंचकर काफी मेहनत मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। डी/ 123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा तत्काल कार्रवाई करने से परिजनों एवं मवेशियों को काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बचाया जा सका जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई । इस पूरी घटना के दौरान श्री नवीन सोलंकी सहायक कमांडेंट, कंपनी कमांडर डी/123 बटालियन रिजर्व पुलिस बल के आधीन एवं पुलिस चौकी सोनेवानी प्रभारी, प्रधान आरक्षक दिलीप कनेश एवं उपस्थित पुलिस बल ने आग बुझाने में पूरा सहयोग प्रदान किया । डी/123 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा कि गई तत्काल कार्रवाही की सोनेवानी के सभी ग्राम वासियों एवं परिजनों ने अत्यधिक प्रशंसा एवं आभार प्रकट किया ।

## 172 मोबाइल सेक्टर में आज और कल बनेंगे चलित मतदान केंद्र

### चलित मतदान केंद्रों पर 1943 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता करेंगे अपना मतदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग ने आम लोकसभा निर्वाचन के दौरान चलित मतदान केंद्र के माध्यम से भी मतदान कराने का निर्णय लिया है। विधानसभा निर्वाचन की तरह ही इस वर्ष ऐसे मतदाता जो अपनी दिव्यांगता के कारण व 85 वर्ष से अधिक आयु होने से मतदान केंद्रों तक जाकर मतदान करने में सक्षम नहीं है। उनसे सहमति लेने के बाद चलित मतदान केंद्रों पर मतदान करने के निर्देश दिए है। हालांकि विधानसभा निर्वाचन में यह आयु 80 वर्ष से अधिक निर्धारित थी। पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चलित मतदान केंद्र के लिए रूट निर्धारण कर अमले के आदेश जारी कर दिए गए है। जिले की 6 विधानसभाओं में चलित मतदान केंद्रों पर मतदान करने की सहमति देने वाले 1943 मतदाताओं के लिए दो दिन रविवार और सोमवार को चलित मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जहां 85 वर्ष से अधिक आयु के 1189 व दिव्यांजन 754 मतदाता है जो आयोग के निर्णय का सम्मान व धन्यवाद करते हुए मतदान करेंगे।

### एक दल में होंगे 7 शासकीय सेवक

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी आदेशनुसार चलित मतदान केंद्र में 7 कर्मचारी शामिल होंगे। इसमें सेक्टर अधिकारी के अलावा पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस अधिकारी, वीडियोग्राफर और मतदान केंद्र का बीएलओ। जो मतदान कराने की कार्यवाही पूर्ण करेंगे।

### किसानों की फसलों को नहीं मिल पा रहा पानी

## बासी एथेनॉल प्लॉट अनुमति से अधिक पानी का कर रहा दोहन, एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मॉग की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

एक तरफ रबी की फसल तैयार होने को हैं, किसानों को फसल के लिए पानी की जरूरत को देखते हुए सिंचाई विभाग ने नहरों के माध्यम से किसानों को पानी भी उपलब्ध करवा रहा हैं। लेकिन नहर का ये पानी किसानों की फसलों में सिंचाई के बजाए बासी गाँव में स्थित एथेनॉल प्लांट में उपयोग किया जा रहा हैं। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा हैं और उनकी फसलें पानी के अभाव में सूखने का भय किसानों को सताने लगा हैं। इसी चिंता को लेकर जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष सिंह बिसेन के नेतृत्व में करीब 10 गाँव के प्रतिनिधियों ने वारासिवनी एसडीएम राजीव रंजन पांडे से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर उनकी फसलों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की माँग की हैं।

जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने बताया कि राजीव सागर नहर से किसानों द्वारा खेतों में लगाई गई रबी फसल के लिए पानी छोड़ा जा रहा हैं। लेकिन इस पानी का उपयोग ग्राम बासी स्थित जैक्सन एथेनॉल प्लांट द्वारा अनुमति से अधिक नहर के पानी का उपयोग किया जा रहा हैं। जिस वजह से बासी, बकेरा, बघोली, उमरवाड़ा, लालपुर, अमई, भजियादण्ड, झरिया, खापा, खंडवा गाँव के किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा हैं।

**5 एच पी की अनुमति, उपयोग 40 एच पी का:** श्री बिसेन ने बताया कि उक्त एथेनॉल प्लांट को शासन से 5 एच पी के पंप से पानी लेने की अनुमति हैं। लेकिन प्रबंधन द्वारा 20-20 हार्सपावर की दो मशीनें लगाकर पानी का मनमानी दोहन किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि प्लांट तक पर्याप्त मात्रा में पानी जा सके, इसके लिए किसानों के खेतों की ओर जाने वाली नहरों का जिम्मेदारों द्वारा गेज कम कर दिया जाता हैं। जिससे किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा हैं। श्री बिसेन ने एसडीएम से माँग की हैं कि तत्काल ही प्लांट प्रबंधन को नियमानुसार पानी लेने का निर्देश देते हुए सिंचाई परियोजना के अधिकारियों को भी किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के कड़ाई से निर्देश दे, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन के साथ बासी सरपंच रमेश नगपुरे, लालपुर सरपंच सुभाष झाड़ेकर, उपसरपंच तिलकचंद कटरे, उमरवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण पांडे, बकेरा उपसरपंच प्रताप बिसेन, प्रशांत तिलघर, पिण्टी राणा सहित अन्य किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एनएसएस का यहीं आह्वान शत प्रतिशत हों मतदान

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लामता के निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तरह के आयोजन किये जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, मतदान शपथ एवं वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम मेरा पहला वोट देश के लिए थीम के आधार पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफ़ेसर सुंदरलाल बिसेन द्वारा बताया गया कि सभी अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के इज पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मतदान जागरूकता कार्यक्रम ई एल सी नोडल अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेंभरे के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य के निर्देशन में किया जा रहा हैं। मतदान जागरूकता अभियान में महाविद्यालय से श्रीमती चित्रमाला भिमटे, प्रवेश यादव, राहुल पटले, विजेन्द्र तरुणे एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ की उपस्तिथि सराहनीय रहीं।

## एआरओ ने मतदाता जागरूकता के लिए घर आये मेहमानों को दिलाई मतदान शपथ

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन में 19 अप्रैल को मतदान दिवस निर्धारित है। ऐसे में मतदाता जागरूकता अभियान में हर मतदाता तक पहुँचने के प्रयास जारी है। इस प्रयास में निर्वाचन में एआरओ का महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहें श्री गोपाल सोनी कैसे पीछे रहें। शनिवार को उनके निवास पर राजस्थानी गणगौर पर्व की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान एकत्रित हुए करीब 100 महिलाओं ने पूजा अर्चना के साथ ही मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली।

# बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार को भारी मतों से विजय बनाने के लिए बरघाट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कमर कस ली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बरघाट में शनिवार 6 अप्रैल को कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूपसिंह बैस, (सिवनी)जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक अर्जुन काकोडिया , प्रदेश अध्यक्ष देवी सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य दुपेंद्र अमूले, जिला पंचायत सदस्यतेजसिंह रघुवंशी, आदिवासी समाज अध्यक्ष विजय उईके, नगर अध्यक्ष बरघाट सुनील अवधिया, आम आदमी के अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता गण रहे मौजुद। इस दौरान अनूपसिंह बैस ने भाजपा की सरकार पर कहा कि गाय को काट कर जो कंपनियां इस देश से मांस का निर्यात करती है उस कंपनी से भी भारतीय जनता पार्टी ने 12 करोड़ रूपयें का चंद लिया है। एक तरफ तो भाजपा पार्टी दुहाई देती है धर्म की। ऐसे कुकृत्य करने से भी भाजपा नही डरती। इनके हाथी के दांत जो दिखाने के है बहुत अलग-अलग है। बालाघाट-सिवनी क्षेत्र में भरपूर मात्रा में खनिज और वन संपदा है जिससे सरकार को करोड़ों का फायदा मिलता है, लेकिन हमें कुछ नही मिलता, बस मिलता है तो, सिर्फ बरोजगारी। जिले के मजदूर, मजदूरी करने नागपुर सहित देश अन्य जिले में जाता है। जबकि पिछले कई वर्षो से भाजपा की सरकार में प्रहलाद सिंह, गौरीशंकर बिसेन, के डी देशमुख, बोधसिंह भगत और ढालसिंह बिसेन सांसद बने। श्री बैस ने आगे कहा कि ये धर्म की बात करने वाले भाजपा के लोग को बताना चाहता हू कि सम्राट सरस्वार के दादा स्व. राणा हनुमान सिंह ने जिले किसान के उत्थान के लिये अरबो की जमीन दान में दे दी। जहां किरनापुर में स्थित बडग़ांव में 42 एकड़ जमीन पर श्री राम भगवान का मंदिर बनवाया है। तो क्या ये भक्ती नही है, भाजपा लोग पांखडी जो गौ माता का मांस निर्यात करती है और राम के भक्त बताते है।

पूर्व विधायक अशोक सरस्वार जो ईमानदार और गरीबो के प्रति दया की भावना के प्रतिक है। एक सरपंच कई विधायकों के पास सडक़ बनाने की राशि मांगने गये तो उन्हे किसी ने नही दिया जब वह श्री सरस्वार के पास पहुंचे तो श्री सरस्वार ने तुरंत सडक़ बनाने 2 लाख की राशि स्वीकृत करवाई। इसी इमानदारी की परंपरा का निर्वहन के चलते सम्राट सरस्वार जिला पंचायत अध्यक्ष बने और जिले में विकास कार्य को अपना पहला धर्म समझा। इसी ईमानदारी और निष्ठा के चलते पार्टी ने बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। अगर हम अपने क्षेत्र का विकास चाहते है तो हमे ऐसे जनप्रतिनिधियों को लाना पड़ेगा और महंगाई व बेरोजगारी को खत्म करना होगा। प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार ने आगे कहा कि भाजपा चुनाव के वक्त



बड़े बड़े वादा करती है लेकिन पूरी नही करती, भाजपा नेता कहते है मोदी की गांरटी। बीते विधानसभा चुनाव में किसानों को 3100 रूपये धान, गेंहू 2700 रू, बहनों को घर बनाने, बहनों को 3100 रू व गैस 450 रूपये करने का वादा किया था जो अभी तक पूरा नही किया है। आम जनता ऐसे झुठे वादों को समझे और आपना बहुमुल्य वोट एक अच्छी सरकार बनाने में दे। ताकि देश में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी खत्म हो सके। श्री सरस्वार ने सभी आमजनों कार्यकर्ताओ से जन आर्शिवाद मांगा।